हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 बालोद में सुशासन सप्ताह 2025 के तहत हुआ प्रशासन ...



13 कुसुमकसा में भागवत कथा में वामन अवतार ...





## खबर संक्षेप

### रामायण प्रस्तुति का आयोजन 1 जनवरी को

**अर्जुन्दा।** परसदा डगनिया में 1 जनवरी को जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत रात्रि 8 बजे से हिरेश सिन्हा व जितेश्वरी सिन्हा के रामायण प्रस्तुती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम बनवाली साहू व रानी साहू के द्वितीय पुत्र रत्न प्राप्ति की खुशी में कराया जा रहा है।

### धानापुरी में मड़ई मेला 26 को

**गुरूर।** धानापुरी में 26 दिसंबर शुक्रवार को मेला मंडाई रखा गया है ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि कालीन कार्यक्रम रखा गया है उक्त जानकारी कुलदीप कोतवाल द्वारा दी गई।

### नवनिर्मित अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण आज

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में स्थित पुष्पवाटिका में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत गुरूर के नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे। सुशासन जनससमया निवारण शिविर के माध्यम से जन्म, मृत्यु, राशन कार्ड पेंशन, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य आवेदन प्राप्त किया जाएगा। नागरिको एवं जनप्रतिनिधियो से लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

### सर्व समाज विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज

**कुसुमकसा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की शताब्दी वर्ष (100 पूर्ण) के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को कुसुमकसा नगर में सर्व समाज विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन योगाचार्य लेखुराम के मुख्य अतिथि में किया जा रहा है , साथ ही मुख्य वक्ता रामपाल जादौन जी अखिल भारतीय प्रांत संगठन मंत्री ग्राहक पंचायत सहित समस्त समाज प्रमुख मंचस्थ रहेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार, 25 दिसंबर को सुबह 11 से 2 बजे तक वनोपज नाका के पास भागवत कथा स्थल पर किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता का पूजा अर्चना व आरती के साथ किया जाएगा , कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों सहित सनातनी भाइयो के द्वारा , हिंदू धर्म के संबंध में अपने विचार रखेंगे ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को इन 100 वर्षों में जिन कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा है, उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी, साथ ही राष्ट्रीय स्वयं संघ की स्थापना में इसके संस्थापकों को जिन परेशानियों का सामना करना पड़ा, उनके बारे में भी बताया जाएगा साथ ही एक लघु नाटक और भक्ति गीत समूह की प्रस्तुति होगी कार्यक्रम समापन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जन की भोजन की व्यवस्था की जाएगी ,सर्व समाज हिंदू संगठन ने सनातनी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### बालोद में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन

**बालोद।** सिंचाई कॉलोनी आमापारा बालोद में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक किया गया है। आमापारा बालोद निवासी कुमार सिंह साहूएवं लेखा साहू के द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजन किया जा रहा है। भागवत व्यास पंडित निरंजन महाराज भागवत आश्रम लिमतरा होंगे। परायणकर्ता पंडित परमेश्वर महाराज हैं, कथा का दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। प्रथम दिवस 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से कलश यात्र निकाली जावेगी। इसके बाद भागवत स्थापना, वेदी पूजन एवं श्री गोकर्ण कथा का प्रारंभ होगा। 26 दिसंबर धर्म पृथ्वी संवाद, कलयुग को दंड, परीक्षित को श्राप कथा होगा। 27 दिसंबर शेष पेज 12 पर

---

**विरोध**

### कांकेर जिले में जनजातीय समाज पर हमले और धर्मांतरण के विरोध में ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा

# जनजातीय आस्था और सामाजिक सौहार्द्र की रक्षा के लिए सर्व समाज हुआ एकजुट






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश में लगातार उत्पन्न हो रही सामाजिक अशांति, जनजाति आस्था पर आघात तथ संगठित रूप से पैदा किए जा रहे सांस्कृति टकराव के विरोध में बालोद बंद आयोजित किया गया। बालोद बंद शांतिपूर्ण रहा। बालोद में सर्व समाज द्वारा कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में ईसाई मिशनरी समूहों एवं भीम आर्मी द्वारा जनजातीय समाज पर किए गए हमले, जबरन शव दफन तथा प्रदेश में बढ़ते सुनियोजित सामाजिक विभाजन के विरोध एवं कार्यवाही की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में पांच सूत्रीय मांग करते हुए सर्व समाज ने कहा है कि आमाबेड़ा की घटना पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रें में इसी प्रकृित की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। ईसाई मिशनरी गितिविधयों एवं उनसे जुड़े संगठनों द्वारा अवैध धमांर्तरण, सामाजिक हस्तक्षेप और स्थानीय परंपराओं के उल्लंघन की प्रवृित्त लगातार सामने आ रही है, जिसका दुष्पिरणाम पूरे सर्व समाज को भुगतना पड़ रहा है। इससे प्रदेश में सौहाद्र प्रभािवत हो रहा है। सर्व समाज ने मांग की है कि राज्य में धर्म स्वतंत्रता विधेयक को यथाशीघ्र प्रभावी एवं सख्ती के साथ लागू किया जाए, जिससे प्रलोभन, दबाव अथवा षड्यंत्रपूर्वक किए जा रहे धमांर्तरण पर नियंत्रण स्थिापत हो सके। साथ ही पूरे प्रदेश में कन्वज़र्न के माध्यम से उत्पन्न की जा रही सामाजिक वैमनस्यता की पिरिस्थितयों को गम्भीरता से लेते हुए शासन–प्रशासन सख्ती बरतें, एवं दोशियो पर कड़ी कार्यवाही करे।

> ■ सर्व समाज ने की पांच सूत्रीय मांगों के माध्यम से न्याय और सख्त कार्यवाही की अपील

**आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग**

कांकेर जिले में जनजातीय समाज पर हुए संगिठत हमले के लिए जिम्मेदार भीम आर्मी से जुड़े तत्वों एवं कन्वटेर्ड ईसाई समूहों के सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम धाराओं के अंतर्गत तत्काल कार्यवाही की जाए। जनजातीय समाज के लोगों के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने तथा ग्रामीणों पर असंगत एवं अत्यिधक पुिलस बल का प्रयोग करने के गंभीर आरोपों को देखते हुए जिला पुिलस अधीक्षक, कांकेर इदिंरा कल्याण एलेसेला का शासन द्वारा किया गया स्थानांतरण पर्याप्त नहीं है। हमारी मांग है कि उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए तथा शव दफन की प्रिक्रया के दौरान पक्षपातपूर्ण प्रशासिनक रवैया अपनाने तथा हिंदू समाज पर दुभार्वनापूर्ण एवं असत्य आरोप लगाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम एएस. पैकरा एवं तहसीलदार सुधीर खलखो को निलबिंत कर निष्पक्ष जांच सुिनश्चित की जाए। जनजातीय ग्रामीणों के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण ढंग से की गई पुलिस एवं प्रशासिनक कार्यवाहियो को तत्काल निरस्त किया जाए, उन पर लगाए गए आपरािधक प्रकरणों एवं धाराओं को वापस लिया जाए, तथा हिंसा एवं बल प्रयोग से पीड़ित ग्रामीणों को समुिचत मुआवजा प्रदान किया जाए।

### कार्रवाई न होने पर व्यापक आंदोलन की दी चेतावनी

सर्व समाज ने स्पष्ट किया कि यह ज्ञापन किसी धर्म या समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि सविंधान, कानून के शासन, जनजातीय आस्था और सामिजक समरसता की रक्षा के लिए प्रस्तुत किया गया है। उन्होने चेतावनी दी कि यदि मामले में दोशियो के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो सर्व समाज को अपने आंदोलन को और व्यापक करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। आंदोलन के दौरान सभा में मुख्य वक्ता सुबोध राठी थे एवं सभा को जिले के सर्व सामाजो के प्रमुखो ने संबोधित किया।

### बालोद में धर्मांतरण के विरोध में सर्व समाज का बालोद बंद



**बालोद।** धर्मातंरण के खिलाफ सर्व समाज बालोद द्वारा बुधवार को बालोद बंद का आव्हान किया जिसका असर सुबह से शाम तक देखने को मिला। जहां व्यापारियो के द्वारा स्व स्फूर्त बंद के समर्थन मे दुकान व काम धंधे बंद रखे एवं धर्मातरण के विरोध में अपनी सहभागिता एवं उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान नगर में सर्व समाज द्वारा सुबह नगर भ्रमण कर लोगो से बंद के समर्थन में सहयोग करने के लिए रैली निकाली थी। इस दौरान दोपहर को सर्व समाज बालोद द्वारा पुराना बस स्टैण्ड बालोद में सभा का आयोजन किया गया था। जिसमे बड़ी संख्या में सभी सामाजो के लोग सम्मिलित हुए तथा धर्मांतरण को लेकर कड़ा विरोध जताया।

### बंद का कुसुमकसा में दिखा असर दोपहर 2 बजे तक बंद रहीं दुकानें



**कुसुमकसा।** कांकेर जिला के आमाबेड़ा में धर्मांतरण का विरोध करने के कारण सीधे साधे जनजाति आदिवासी लोगो के साथ हुई मारपीट व स्थानीय प्रशासन के भेदभाव पूर्ण रवेये की घटना के विरोध में सर्व समाज द्वारा छत्तीसगढ़ बंद के समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा बंद का आह्वान पर व्यापारी संघ कुसुमकसा ने बंद का समर्थन कर अपनी अपनी दुकान सुबह से दोपहर 2, बजे तक बंद रखी ,सुबह से दुकानों के ताले नही खुले।

---

# गुण्डरदेही में दिखा छत्तीसगढ़ बंद का व्यापक असर, अवैध धर्मांतरण के विरोध में सन्नाटा



**खास बातें**

- सर्व समाज के आह्वान पर नगर की सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद
- न्याय और कड़ी कार्रवाई की मांग के साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन
- व्यापारियों और आम जनता का मिला अभूतपूर्व समर्थन

**गुण्डरदेही।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा में आदिवासियों के साथ हुई मारपीट की हृदयविदारक घटना और प्रदेश में बढ़ते अवैध धर्मांतरण के मुद्दों ने आज पूरे छत्तीसगढ़ में उबाल कर रख दिया है। सर्व समाज द्वारा आहूत छत्तीसगढ़ बंद का असर गुण्डरदेही नगर में व्यापक रूप से देखने को मिला। सुबह से ही नगर की छोटी–बड़ी सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानें पूरी तरह बंद रहीं, जिससे जनजीवन पर बंद का स्पष्ट प्रभाव दिखाई दिया। इस बंद को न केवल स्थानीय व्यापारियों का स्वस्फूर्त समर्थन मिला, बल्कि आम जनता ने भी अपनी एकजुटता दिखाई।

व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रख कर यह संदेश दिया कि वे समाज और संस्कृति पर हो रहे किसी भी प्रहार के विरुद्ध एकजुट हैं। नगर के मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां थमी रहीं।

### न्याय और कड़ी कार्रवाई की मांग

बंद के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आमाबेड़ा में आदिवासियों के साथ हुई मारपीट की घटना बेहद निंदनीय है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। साथ ही, प्रदेश में सुनियोजित तरीके से हो रहे अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कड़े कानून और प्रशासनिक तत्परता की मांग की गई। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यदि इन विषयों पर शासन–प्रशासन गंभीर नहीं हुआ, तो भविष्य में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। शाम तक चले इस बंद के दौरान प्रशासन भी मुस्तैद रहा, हालांकि व्यापारियों और समाज प्रमुखों के सहयोग से पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### प्रमुख पदाधिकारियों की रही मौजूदगी

आंदोलन का नेतृत्व करने और शांतिपूर्ण बंद सुनिश्चित करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन और बालोद जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष गुलशन साहू के साथ बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

---

# कांकेर की घटना के विरोध में दल्ली राजहरा पूरी तरह बंद





**दल्ली राजहरा।** कांकेर में घटित गंभीर घटना के विरोध में सर्व समाज द्वारा आहूत बंद का दल्ली राजहरा में व्यापक और असरदार प्रभाव देखने को मिला। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं राजहरा व्यापारी संघ के संयुक्त आह्वान पर शहर के समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरे दिन पूर्णतः बंद रहे। सुबह से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और आम दिनों की चहल-पहल पूरी तरह नदारद रही।

दल्ली राजहरा के मुख्य बाजार, उपबाजार, छोटी-बड़ी दुकानें, थोक एवं खुदरा व्यापारिक प्रतिष्ठान, सब्जी मंडी सहित लगभग सभी व्यावसायिक गतिविधियां बंद रहीं। व्यापारियों ने स्वेच्छा से दुकानों के शटर गिराकर बंद को समर्थन दिया। ऑटो, निजी प्रतिष्ठान और अन्य सेवाओं पर भी बंद का आंशिक असर देखने को मिला।



### व्यापारी संगठनों और सर्व समाज का पूर्ण समर्थन

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और राजहरा व्यापारी संघ ने संयुक्त रूप से इस बंद का आह्वान किया था। संगठनों ने कहा कि यह बंद किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सर्व समाज की न्यायोचित मांगों और जनभावनाओं के समर्थन में किया गया है। व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि जब समाज के साथ अन्याय होता है, तब व्यापार जगत का चुप रहना उचित नहीं है।

**शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा बंद:** पूरे दिन बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या विवाद की सूचना नहीं मिली। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी रही। पुलिस एवं प्रशासनिक अमले की सतर्कता के चलते शहर में शांति और व्यवस्था कायम रही।

### एकजुटता और सामाजिक चेतना का संदेश

इस बंद के माध्यम से दल्ली राजहरा के नागरिकों, सर्व समाज और व्यापारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि शहर अन्याय और असंवेदनशील घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना जानता है। लोगों का कहना है कि यह बंद केवल विरोध नहीं, बल्कि समाज में न्याय, संवेदना और जिम्मेदारी का प्रतीक है।कांकेर की घटना को लेकर दल्ली राजहरा का यह बंद न सिर्फ सफल रहा, बल्कि सामाजिक एकजुटता का उदाहरण भी बना। शहरवासियों ने अनुशासन और शांति के साथ अपनी भावनाएं प्रकट कर यह साबित किया कि दल्ली राजहरा संकट के समय एक साथ खड़ा होता है।

---

**गुण्डरदेही में सात दिवसीय एनएसएस शिविर**

# छात्रों ने जनजागरूकता व स्वच्छता का दिया संदेश व लिया संकल्प








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ लीना साहू के दिशा निर्देश पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही के सात दिवसीय शिविर में स्वयं सेवक विद्यार्थियों द्वारा जन जागरूकता के विविध संदेश, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशामुक्त समाज, डिजिटल भारत के लिए युवा, पौधारोपण, भ्रष्टाचार आदि संदेश देते अपने अपने जीवन में उतारने हेतु संकल्पित हुए।

शिविरार्थियों द्वारा सुबह 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक शिविर दिनचर्या का पालन करते हुए अपने व्यक्तित्व और सर्वांगीण विकास करने का प्रयास कर रहे है, बौद्धिक परिचर्चा सत्र में जिला संगठक डॉ लीना साहू, केशव साहू, प्रभारी प्राचार्य डीएस महेरिया, ब्लाक श्रोत समन्वयक गुण्डरदेही किशोर साहू, प्रधानपाठक लक्ष्मीकांत चंद्राकर, व्याख्याता शिक्षा स्वास्थ्य ओपी साहू, कृषि, पर्यावरण विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर शिविरार्थियों को जानकारी दिए। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम संपर्क के माध्यम से आवश्यक जानकारी जनमानस के बीच पहुंच कर एकत्रित किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के खेलों का भरपूर फायदा विद्यार्थियों ने प्राप्त किए।

> ■ स्वयंसेवक सुबह 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक अनुशासित दिनचर्या का पालन

रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने दिनभर के कार्यों की थकान को दूर करते हुए ग्रामवासियों के बीच रा सेवा योजना के उद्देश्यों को जनजागरण के रूप में बताए गए। स्वयं सेवक त्रिलोक, पूनम, रोम लाल द्वारा शिविरार्थियों को बहुत ही अनुशासित रह कर अनुशासन के फायदे बताए गए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आचौड़ के सरपंच आकाश चंद्राकर, उपसरपंच पंकज साहू, पूर्व सरपंच बिसाहू राम चंद्राकर, दुलार सिंह ठाकुर, शिवशंकर साहू, बुधरू राम साहू, ताम्रज निर्मलकर, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोपेंद्र साहू, सतीश साहू, खेमेश्वरी साहू, कविता बंजारे, गोवर्धन ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता केएस कुल्हारे ने किया। इस दौरान व्याख्याता टीएल साहू, संजय शुक्ला, ज्ञानप्रकाश साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी किरण देवांगन उपस्थित थे।

---

# बालोद में दुकान के एंगल में फांसी से व्यक्ति ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

टेकापार में मुख्य मार्ग के किनारे स्थित दुकान के एंगल में फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। सुबह जब मार्ग से लोग गुजरे तो इसकी जानकारी पुलिस को दी।

व्यक्ति के पास से एक सुसाईड नोट पुलिस को प्राप्त हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह जब ग्राम टेकापार मुख्य मार्ग से लोग गुजर रहे थे इसी दौरान सड़क के नजदीक स्थित एक दुकान मे एक व्यक्ति को फांसी के फंदे पर देख आते जाते लोगो के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फांसी के फंदे से उतारकर पंचनामा कार्यवाही किया गया तथा शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्डम के लिए लाया गया। मृतक व्यक्ति की पहचान ग्राम अड़जाल निवासी उमाशंकर उर्फ भागवत गुप्ता के रूप में हुई है। मृतक अड़जाल में बिजली सामान और मोटर मैकेनिकल दुकान का संचालन करता था। मृतक करीब 6 महीने पहले भी जहर पीकर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन उस समय परिजनों ने समय रहते शेष पेज 12 पर

> ■ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों और इलाज खर्च को बताया कारण

खबर संक्षेप

## अटल जी की नदी जोड़ो योजना को शीघ्र लागू करने की मांग

डौंडीलोहारा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र



जायसवाल ने श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पोस्टकार्ड के माध्यम से पत्र लिखकर अटल जी की बहुप्रतीक्षित नदी से नदी जोड़ो महती योजना को शीघ्र भारत में लागू करने का निवेदन किया है। अपने पत्र में जायसवाल ने उल्लेख किया कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने प्रधानमंत्रीत्व कार्यकाल के दौरान देश की जल समस्या के स्थायी समाधान हेतु नदी जोड़ो योजना का सपना संजोया था, किंतु उस समय यह योजना पूर्ण रूप से लागू नहीं हो सकी। अब अटल जी के इस दूरदर्शी विचार को साकार करने का उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में कहीं अत्यधिक वर्षा के कारण नदियों में बाढ़ आ जाती है, जिससे जन-धन की भारी क्षति होती है, वहीं कई क्षेत्रों में अल्प वर्षा के कारण नदियां सूख जाती हैं और जलाभाव से लोगों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी प्राकृतिक आपदाओं और विपत्तियों से बचाव के लिए नदी जोड़ो योजना अत्यंत आवश्यक है। देवेन्द्र जायसवाल ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि देशहित में इस महत्वाकांक्षी योजना को शीघ्र लागू कर जल प्रबंधन को सुदृढ़ किया जाए, जिससे किसानों, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके।

### सतनाम समाज के आयोजन में पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा रहे मुख्य अतिथि

# अरमारीकला में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत अरमारीकला सतनाम समाज के तत्वाधान में संत शिरोमणी बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि संजारी बालोद पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा थे। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक काँग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदारनाथ देवांगन, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण साहू, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर नरेश साहू, महामंत्री ब्लॉक काँग्रेस कमेटी गुरूर धनुष राम साहू, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर उमेश कुमार साहू, बहुर धनकर, पूर्णेश्वर अड़िल, प्रदीप कुमार साहू, सरपंच धनेंद्र कुमार साहू, उपसरपंच सोहनलाल साहू, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष अरमरीकला दिनेश कुमार साहू, पूर्व सरपंच सियनमरा मोहन साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष अरमरीकला वासुदेव मार्कण्डेय, अध्यक्ष सतनाम समाज अरमरीकला ईश्वर लाल बंजारे, वरिष्ठ नागरिक अरमरीकला फूलचंद बंजारे को सतनाम समाज अरमरीकला के द्वारा आमंत्रित एवं उनका स्वागत–सत्कार किया गया।

■ मनखे–मनखे एक समान के संदेश के साथ सामाजिक समरसता पर दिया गया जोर





### टीनाशेड निर्माण एवं जैतख़ाम निर्माण कार्य का दिया आश्वासन

पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा पूजन वंदन किया गया। सतनाम समाज के द्वारा टीना शेड निर्माण एवं माडल जैतख़ाम निर्माण के लिये पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा आवेदन सौपा गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा ने सतनाम समाज बालिका मंडली को 10 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की एवं आये हुए ग्रामीण श्रोताओं को संबोधित करते हुये गुरू बाबा घासीदास जी को महान संत बताते हुए उन्हें मानव मानव एक समान के सिद्धांत और समाज मे छूआ छुत की भावना को दूर करने जैसे कार्यों के लिये बधाई एवं शुभकामनाएं ज्ञापित की और बाबा जी के सिद्धांतो पर चलने की सलाह दी और टीनाशेड निर्माण एवं जैतख़ाम निर्माण कार्य के लिए आश्वासन भी दिया। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, साल और श्रीफल देकर ससम्मान विदाई दिया गया। इस अवसर पर काँग्रेस कार्यकर्ता दिनेशवर साहू, कृष्णा बघेल, दयाराम साहू, नारद साहू ग्राम अरमरीकला सतनाम समाज के समस्त पदाधिकारी गण और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बड़गांव में गुरु घासीदास जयंती पर दो दिवसीय भव्य आयोजन

डौंडीलोहारा। समीपस्थ ग्राम बड़गांव में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के पावन अवसर पर आज 25 दिसंबर, गुरुवार को भव्य जयंती समारोह एवं दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम बड़गांव, डौंडीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.) में संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र की ख्याति प्राप्त पंथी नृत्य मंडलियां भाग लेंगी। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे शोभायात्रा से होगी। इसके पश्चात ध्वजारोहण एवं पूजा-अर्चना शाम 3 बजे तथा प्रसाद वितरण शाम 4 बजे किया जाएगा। रात्रि 9 बजे से भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। आयोजन में "सत के धाम पंथी पार्टी ग्राम सुतिया (खैरागढ़)" द्वारा विशेष रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह में विधायक होंगी अनिला भेड़िया शामिल कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सतनामी समाज बालोद के अध्यक्ष करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डौंडीलोहारा अनिला भेड़िया शामिल होंगी। समाज प्रमुख प्रेमदास टंडन ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य गुरु घासीदास बाबा के संदेश "मनखे-मनखे एक समान" को जन-जन तक पहुंचाना एवं पंथी संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व दर्शकों के शामिल होने की संभावना है।

## दल्ली राजहरा में अटल बिहारी वाजपेई की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

भारतीय राजनीति में शालीनता, संवाद और राष्ट्रप्रेम का पर्याय रहे अटल बिहारी वाजपेई की स्मृतियों को सहेजने वाला अटल परिसर अब दल्ली राजहरा की पहचान बनने जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल बिहारी वाजपेई की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर, गुरुवार को प्रातः 10 बजे किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, डोंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया सहित अनेक विशिष्ट जनप्रतिनिधि भी वर्चुअल रूप से सहभागिता करेंगे। अटल बिहारी वाजपेई का जीवन भारतीय लोकतंत्र का प्रेरणास्त्रोत रहा है। एक कुशल वक्ता, संवेदनशील कवि और दूरदर्शी राजनेता के रूप में उन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और पड़ोसी देशों के साथ संवाद की पहल जैसे निर्णय आज भी उनकी दूरदृष्टि की मिसाल माने जाते हैं। उनकी राजनीति में विरोध भी शालीनता के साथ होता था और सत्ता में रहते हुए भी संवाद की संस्कृति जीवित रही। नगर के मध्य स्थापित यह प्रतिमा और अटल परिसर आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा, विचारशील राजनीति और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणा देगा। यह स्थल केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि अटल विचारधारा का जीवंत प्रतीक होगा।मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने नगर के सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से लोकार्पण कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की है, ताकि यह आयोजन जनभागीदारी के साथ स्मरणीय बन सके।

■ अटल परिसर: विचार, व्यक्तित्व और राष्ट्रनिर्माण को समर्पित एक स्मारक

## बालोद में सुशासन सप्ताह 2025 के तहत हुआ प्रशासन गांव कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला बालोद अंतर्गत जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में सुशासन सप्ताह 2025 प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी–जी राम जी के विभिन्न प्रावधानों और 2047 में विकसित भारत के विजन पर जानकारी दी गई। आवास योजना क़े साथ अन्य योजना से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री आवास योजना क़े हितग्राही को पूर्णता प्रमाण पत्र एवं आवास की चाबी भेंट की गई साथ ही नए वित्तीय वर्ष क़े हितग्राही को प्रथम किस्त 40000 चेक वितरण किया गया, अन्य योजना से चउ सूर्य घर प्राप्त हितग्राही को प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन द्वारा सामग्री वितरण, राशन कार्ड वितरण, महिला बाल विकास से अन्न प्रशान एवं गोद भराई कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड वितरण, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण एवं मसूर मिनी किट वितरण का कार्यक्रम सपन्न हुआ।

■ प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र और चाबियां

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, जनपद सदस्य नरेश साहू, झालेन्द्र साहू, आशीष साहू, गुलाब राम सिन्हा, संध्या अजेंद्र साहू, भाजपा मंडल से तुकेश्वर पाण्डेय, खेमलाल देवांगन, आनंद शर्मा, संजय साहू, अजेंद्र साहू, पूर्व जनपद सदस्य रवि साहू, उपाध्यक्ष कलिहारी, जिला पंचायत से सहायक परियोजना अधिकारी ओपी साहू, जिला समन्वयक आवास प्रभात साहू, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन प्रवीन साहू, जनपद सीईओ उमेश रात्रे, अतिरिक्त सीईओ सिरमौर, नरेगा पीओ देवांगन, एसडीओ आरईएस एवं अन्य ब्लॉक लेवल क़े कर्मचारी, अधिकारी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहयक एवं बड़ी संख्या मे आम जन उपस्थित थे।

### भानपुरी में दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन

गुरूर। ग्राम भानपुरी में कबीर सत्संग सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी भानपुरी के तत्वाधान में 25 से 26 दिसम्बर को दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। भानपुरी के सरपंच डाकेश कुमार साहू ने बताया कि मुख्य प्रवक्ता पूज्य साध्वी ज्योति साहेब कबीर साध्वी आश्रम सुठालिया राजगढ, अपने संत मंडली के साथ संगीतमय भजन के लिए संत देवेन्द्र दास देव ताना बाना ग्रुप काशी कबीर चौरा मठ वाराणसी के साथ पधार रहे है।

## विस स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में कसही की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन डौंडी लोहारा ब्लॉक के ग्राम बटेरा में हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ किया गया। इस महोत्सव में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए खिलाड़ियों ने पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना एवं खेलों के प्रति युवाओं में रुचि विकसित करना रहा।

महोत्सव के दौरान आयोजित गिल्ली डंडा प्रतियोगिता में ग्राम कसही की भूमिका साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में भी ग्राम कसही की ही जैन बाई ने



शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों एवं खेल प्रेमियों में खुशी की लहर देखी गई। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने एवं आयोजन को सफल बनाने में उपसरपंच नरेन्द्र साहू एवं पंच यशवंत साहू की अहम भूमिका रही।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया।

राशन कार्ड, आधार अपडेट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी सुविधाओं का मौके पर समाधान

## गुण्डरदेही में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर पंचायत गुण्डरदेही में प्रशासन गांव की ओर – 2025 राष्ट्रीय अभियान के तहत एक दिवसीय विशाल जनसमस्या

निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 25 दिसंबर को नगर पंचायत कार्यालय परिसर गुण्डरदेही में आयोजित होगा।. प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने और आम जनता की समस्याओं का उनके घर के नजदीक ही त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से इस शिविर का खाका तैयार किया गया है। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों और लंबित आवेदनों का मौके पर ही निपटारा करने की प्राथमिकता रखी गई है। अध्यक्ष एवं सीएमओ ने की अपील नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण पटेल ने संयुक्त रूप से नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि – यह शिविर सीधे तौर पर जनता को राहत पहुंचाने के लिए आयोजित है। नगर के सभी वार्डों के नागरिक अपनी व्यक्तिगत या सार्वजनिक समस्याओं को लेकर इस शिविर में पहुँच सकते हैं। हमारा लक्ष्य है कि किसी भी नागरिक को अपने काम के लिए भटकना न पड़े।

■ 25 दिसंबर को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

### इन समस्याओं का होगा निराकरण

शिविर में मुख्य रूप से राशन कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, साफ–सफाई, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, नामांतरण, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त विभाग प्रमुख उपस्थित रहेंगे। नगर पंचायत प्रशासन ने समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सुशासन सप्ताह के अभियान का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

### मकान से 80 हजार का सामान पार, जुर्म दर्ज

भिलाई। उपचार कराने अस्पताल गए परिजनों के मकान का ताला टूटा। अज्ञात ने मकान से नगदी सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 40 दुर्गा मंदिर शंकर नगर छावनी बस्ती निवासी पुरेन्द्र कुमार साहू क्रेन आपरेटर का काम करता है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत उपचार कारने एम्स अस्पताल रायपुर गया था। पडोसीयो ने मकान में चोरी होने की सूचना देने पर मकान में वापस लौटे तो गेट का ताला टुटा पड़ा मिला। मकान से सोना चांदी के जेवरता नगदी 20 हजरा रुपए, एक्टीवा सीजी 07 सीजी 6923 का आरसी बुक समेत जरुरी दस्वेज गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

पेज 11 के शेष

### बालोद में श्रीमद् ...

सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, सती चरित्र, शिव विवाह, ध्रुव चरित्र कथा होगा। 28 दिसंबर जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, चित्र केतु उपाख्यान कथा होगा। 29 दिसंबर गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, राजा बलि प्रसंग, वामन अवतार कथा होगा। 30 दिसंबर कृष्ण जन्म, जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी की कथा तथा 31 दिसंबर मथुरा गमन, कंस वध, रुक्मणी मंगल कथा होगा। 1 जनवरी 2026 सुदामा चरित्र, द्वारका लीला, यदुवंश छय, परीक्षित मोक्ष, तुलसी दल अर्पण कथा होगा। 2 जनवरी 2026 अंतिम दिवस गीता सार हवन, पूर्णाहुति, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा स्नान के साथ कथा का समापन होगा।

### बालोद में दुकान ...

उसे बचा लिया था। इस बार मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट में स्वास्थ्य संबंधी कारणों का उल्लेख किया गया है। नोट में सांस लेने में गंभीर तकलीफ और इलाज में हो रहे अधिक खर्च को आत्महत्या का कारण बताया गया है। मृतक मंगलवार परिजनो को चरोदा भिलाई जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद परिजनो को व्यक्ति की कोई जानकारी नहीं मिली। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच पूरी होने के बाद ही व्यक्ति द्वारा उठाए गए इस कदम के कारण के बारे में स्पष्ट हो पाएगी।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन की कथा में अहंकार नाश और कृष्ण जन्मोत्सव की लीला

# अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु: पं. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन प्रवचन कर्ता पंडित बल्ला प्रसाद शर्मा जी ने बताया कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। कथा वाचक ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा

■ कृष्ण जन्मोत्सव की कथा ने पूरे पंडाल को जयकारों से गुंजित किया, श्रद्धालुओं ने लिया भंडारा प्रसाद







बताते हुए कहा कि चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया था, अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को देवकी के आठवें संतान के रूप में अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। लेकिन भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए।

### जयकारों से गूंजा पंडाल

शर्मा जी ने कहा कि जब–जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब–तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। भागवत कथा में प्रतिदिन दोपहर को भंडारा प्रसाद दिया जा रहा है जहां ग्रामीण सहित दुर दराज से पहुंचे श्रद्धालु भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। भागवत कथा सुबह 10 बजे से 1 तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। कथा में गुरुवार को श्री कृष्ण बाल लीला की कथा बताई जाएगी। भागवत कथा का रसपान करने आसपास ग्रामीण दुपचेरा, बोहारडीह, कोलिहामार सहित श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## मंगचुवा में जिला स्तरीय शिविर आयोजित 33 विभागों ने लगाया स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकास खंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत मंगचुवा में प्रशासन गांव की ओर जिला स्तरीय शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया था। जिसमें 33 विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। पूछताछ केंद्र व हितग्राहियों को सहयोग करने काउंटर बनाया गया था जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिल रही थी। बारी बारी सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया।

साथ ही साथ कृषि विभाग द्वारा किसानों को चना बीज का वितरण कर कृषि विभाग द्वारा अच्छे फसल की कामना करते हुए प्रेरित किया





गया तथा महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरण कर मां और बच्चे को स्वस्थ रहने कि कामना एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य, जयलाल मालेकर, कांति प्रकाश सोनबरसा, गोविन्द चन्द्राकार विधायक प्रतिनिधि, उत्तरा घरेंद्र भाजपा मंडल अध्यक्ष रेंगाडबरी, उमा जैन सरपंच ग्राम पंचायत मंगचुवा सहित आसपास के सरपंच एवं अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ओड़ारसकरी में 27 को सजेगा परंपरागत मड़ाई महोत्सव

**अंडा।** ग्राम ओड़ारसकरी में परंपरागत मंडाई महोत्सव का आयोजन 27 दिसंबर को किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण रहेगा और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल होंगे। मंडाई महोत्सव को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर तुलसी माला नाच पार्टी, कचांदुर (गुंडरदेही) द्वारा पारंपरिक लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। 28 दिसंबर को रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में आसपास के गांवों की टीमें भाग लेंगी। इस संबंध में ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी के सरपंच अनिल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडाई ग्राम की पुरानी परंपरा है, जिसे हर वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से मंडाई में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### दो दिवसीय हरिकीर्तन का आयोजन 27 से

**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम अछोटी में नवयुवक उत्सव समिति एवं



समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 दिसंबर (शनिवार) एवं 28 दिसंबर (रविवार) को आयोजित होगा। इस अवसर पर कथा वाचन हेतु परम श्रद्धेय श्री कामता प्रसाद शरण जी महाराज (जय गुरूदेव संकीर्तन परिवार, कुड़ेरा चादर, गरियाबंद) पधारेंगे। उनके मधुर संकीर्तन एवं हरिकीर्तन से ग्राम अछोटी सहित आसपास के क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय होने की उम्मीद है। कार्यक्रम का समय प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक तथा दोपहर 02:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन स्थल सांस्कृतिक कला मंच प्रांगण, ग्राम अछोटी, पोस्ट विनायकपुर, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) रहेगा। नवयुवक उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस संगीतमय हरिकीर्तन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह जानकारी मधु साहू, योगेश दिल्लीवार, प्रवीण दिल्लीवार ने दी।

# रकबा समर्पण पर मचा हल्ला, किसान सिर्फ नाम मात्र ही कर रहे हैं समर्पण

## अधिकांश किसानों ने रकबा समर्पण नहीं किया, सिर्फ कुछ किलो की बची पैदावार का किया गया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

विकासखण्ड में रकबा समर्पण के नाम खूब हल्ला मचाया जा रहा है, लेकिन कही भी किसान रकबा समर्पण करते नहीं नही आ रहे है। जहां रकबा समर्पण हो रहा है वह भी विवादों के घेरे में है। नाम मात्र का रकबा का समर्पण किसान कर रहे है।

किसानों द्वारा जिस भुमि मे धान की फसल नहीं लिया गया है या जहां पैदावार कम है वहां अनावारी के आधार पर धान खरीदी करने एवं रकबा समर्पण कराने की बात कही जा रही है। विपक्ष लगातार मुद्दा बना रहा है कि किसानों का रकबा समर्पण कराया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि कही भी किसान रकबा समर्पण नहीं कर रहे है। जो रकबा समर्पण हो रहा है वह कुल बिक्री के बाद बचत कुछ किलो का ही समर्पण हो रहा है या फिर समिति द्वारा किसानों को धोखे में रखकर रकबा समर्पण होना दिखाया जा रहा है। मामले में जब रकबा समर्पण की सच्चाई जानने का प्रयास किया तो पता चला कि किसान अपना सभी धान बेच रहे है और चिल्हर बचे मात्र का ही समर्पण कर रहे है। सेवा सहकारी समिति घोघोपुरी में अब तक कुल 21 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई है। यहां 140 किसानों ने मात्र कुल 0.949 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया है। सेवा सहकारी समिति सुर्रा में बताया गया कि यहां किसी भी किसान ने रकबा समर्पण नहीं किया है, यह अलग बात है कि यहां एक किसान द्वारा किए गए कथित रकबा समर्पण विवादों के घेरे में है। सेवा सहकारी समिति अमरीकला में कोई जिम्मेदार नहीं मिला क्योंकि यहां के एक कर्मचारी के परिजन की मृत्यु हो गई थी।



### अब तक 2.313 हेक्टेयर रकबा समर्पण

सेवा सहकारी समिति मोहारा में अब तक 198 किसानों ने 2.313 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया है। सेवा सहकारी समिति बासीन में भी 264 किसानों ने 1.71 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया है जबकि यहां अब तक 21 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। सेवा सहकारी समिति धनेली की स्थिति भी ऐसी है। यहां अब तक 24 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। यहां 211 किसानों ने कुल 0.781 हेक्टेयर रकबा ही समर्पित किया है। स्पष्ट है कि रकबा समर्पण को लेकर मचाया जा रहा हल्ला मात्र हवा हवाई ही है। किसान रकबा समर्पण नहीं कर रहे है। वे नाम के लिए कुछ किलो का ही समर्पण कर रहे हैं।

प्रवचन : स्व. जयपाल बैस की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ सप्ताहव्यापी आयोजन

# कुसुमकसा में भागवत कथा में वामन अवतार पर झांकी निकाली, किया भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

- स्व. जयपाल बैस की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ सप्ताहव्यापी आयोजन

ग्राम कुसुमकसा में पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस एवं समस्त बैस परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन अपने पूज्य पिता जी स्व. जयपाल बैस के प्रथम पुण्यतिथि में किया जा रहा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के भागवताचार्य हैं पंडित कृष्णकांत शास्त्री (कवर्धा वाले) कथा में शास्त्री जी ने भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा सुनाई। आप कल्पना करिए यदि आप जब पुण्य का काम करते हैं तो आपके घरों के आसपास लोग खुशी से ताली बजाते हैं और जब राजा बलि ने पुण्य के काम किया तो आसमान से देवता गन भी ताली बजाने लगे । दूसरी कथा में उन्होंने राजा हरिश्चंद्र की दानवीरता और



वचन में बंधे रहने की कथा बताई । उन्होंने कहा कि भगवान ,भक्त को अपनी कसौटी में कसता है वह देखता है की भक्त कितना खरा उतरता है । भक्त कितना दुःख सहकर भी मुझ पर से अपना आसक्त नहीं हटाता । तीसरी कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की तथा चौथी कथा में वासुदेव श्री कृष्ण की जन्म के संबंध में कथा बताया । शास्त्री जी ने बताया कि भगवान विष्णु के अवतार श्री राम और श्री कृष्णा के संबंध में बताया कि भगवान राम ने मर्यादा और पिता की वचन का पालन करने के लिए वनवास का पालन किया वह हमेशा मर्यादा में रहे इसलिए राम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम बने । कृष्णा ने मां के वात्सल्य गोपियों और ग्वाल बालों के साथ लीला मित्र सुदामा के साथ मित्र धर्म का पालन किया। कथा के बीच में उन्होंने मानव की सोच विचार के संबंध में एक व्याख्यान दिया एक मनुष्य जाकर मधुमक्खी से कहता है अरे मधुमक्खी यदि तुम में डंक नहीं होता तो तुम कितने अच्छे होते सागर से कहता है सागर यदि तुम्हारा पानी खारा नहीं रहता तो तुम कितने अच्छे रहते गुलाब से आकर कहता है गुलाब यदि तुम्हारे बीच काटा नहीं रहता तो तुम कितने अच्छे रहते ।

चंदन से आकर कहता है चंदन तुम्हारे खुशबू तो बहुत अच्छा है लेकिन यदि तुम्हारे बीच यदि सर्प नहीं रहते तो तुम कितने शीतल और अच्छे रहते । सभी ने मिलकर मनुष्य से कहा अरे मनुष्य यदि तुम में कमी निकालने की फितरत नहीं रहती तो तुम कितने सुंदर होते । इसलिए कहा गया है कभी किसी की कमी मत निकालिए लेकिन इंसान की फितरत है उनकी कमी निकालना । आप उनके गुण देखिए कमी नहीं भगवान हम सबको बनाया है आप उनसे अच्छा कर्म करिए सभी के गुण देखिए और गुण को देखकर उनका सम्मान करिए ।

## गुरूर में संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन



**गुरूर।** ग्राम भरदा मे 21 से 29 दिसम्बर तक संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित प्रेमकिशोर शर्मा नया रायपुर एवं परायण कर्ता पंडित धीरज पाण्डेय है। यह आयोजन भीष्म लीना निषाद एवं ग्रामवासी के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमे 21 दिसम्बर को भीष्म लीना निषाद के घर से कलश शोभायात्र निकाली गई जो शीतला मंदिर मे पूजा अर्चना कर बाजार चौक कलामंच मे गौकरण पूजा, वेदी पूजा से प्रारंभ हुआ। 22 दिसम्बर को कथा आरंभ, सुकदेव जन्म परिक्षित जन्म कथा सुनाई गई। 23 दिसम्बर को कपिल जनम,



अनुसुइया चरित्र, दस्ताजैय चरित्र, शिव विवाह कथा सुनाई गई। 24 दिसम्बर को ध्रुव चरित्र, प्रभु चरित्र, जडभरत, अजामिल, प्रहलाद चरित्र कथा सुनाई गई। 25 दिसम्बर को गजग्राह, समुद्र मंथन, वामन अवतार, राम जन्म, कृष्ण जन्म कथा सुनाई जाएगी। 26 दिसम्बर को बाल चरित्र, नामकरण संस्कार, दही लूट, छप्पन भोग कथा सुनाई जाएगी। 27 दिसम्बर को राम लीला, कंस वध, मथुरा गमन, द्वारिका निर्माण कथा सुनाई जाएगी। 28 दिसम्बर को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढोतरी, रुखमणी विवाह एवं 29 को गीता प्रवचन,हवन,महाप्रसादी एवं पूर्णाहुति होगी।

## मुंबई के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर प्रो ईवी गिरीश का विशेष कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- 26 से 30 दिसंबर तक ब्रह्माकुमारी आत्मज्ञान भवन में संध्या 6 :30 से 8 बजे तक प्रेरक सत्र

अपनी जिंदगी को खुशनुमा बनाने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में मुंबई के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर, लाईफ कोच एवं कार्पोरेट ट्रेनर प्रोफेसर ई.वी. गिरीश भाई जी का आगमन हो रहा है।

वर्तमान समय वो मुम्बई में रहकर मानव जीवन में सद्गुणों की धारणा के लिए देश–विदेश के विभिन्न हिस्सों में अपने प्रेरणादायी उद्बोधनों द्वारा ईश्वरीय सेवाएं कर रहे है। वो प्रतिभावान मोटिवेशनल स्पीकर, लाईफ कोच एवं कार्पोरेट ट्रेनर हैं तथा आपकी अनोखी शैली और प्रेरित करने की क्षमता आपको विभिन्न उद्योगों और संस्थानों में लोकप्रिय बनाती है। उन्होंने देश के अनेक नामी ग्रामी संस्थाओं जैसे इसरो, नाबार्ड, भारतीय सेना– आसाम राईफल्स, रिलायंस इन्डस्ट्री, टाटा इंस्टीट्यूट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विभिन्न युनिवर्सिटीज, आई.आई.एम. जैसे अनेक संस्थाओं में अलग–अलग विषयों पर व्याख्यान दिए है। यह कार्यक्रम 26 से 30 दिसंबर तक संध्या 6:30 से 8 बजे तक ब्रह्माकुमारीज के बाजू वाला मैदान किलकारी बगीचा, कॉलेज रोड, बालोद में होने वाला है, जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही है। ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने बालोद एवं बालोद क्षेत्र के आस–पास के गांव वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ जरूर उठावें। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है, परंतु रजिस्ट्रेशन जरूरी है। इसके लिए कार्यक्रम के आधा घंटा पहले आकर रजिस्ट्रेशन जरूर करावे।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान सफल बच्चों को पिलाई गई सुरक्षा की बूंद



**अंडा।** ग्राम पंचायत जंजगिरी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखना है।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत जंजगिरी सरपंच गीता कमलेश ठाकुर और पंचायत सचिव नेवेंद्र यादव द्वारा निर्धारित पोलियो बूथ पर की गई, जहां स्वास्थ्य कर्मियों एवं मितानिनों की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अभिभावकों को पोलियो टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी और सभी बच्चों को समय पर दवा पिलाने की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक है और समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग जरूरी है। अभियान के दौरान ग्राम के नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाई। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे, इसके लिए अभिभावक जागरूक होकर अभियान में सहयोग करें, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य सतत बना रहे।

## एनएसएस निकुम के छात्रों को पक्षियों के बारे में दी जानकारी



**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम ( दुर्ग ) के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कुथरेल में आयोजित किया गया है। स्वयंसेवकों को विशेषज्ञों के द्वारा बौद्धिक परिचर्चा के माध्यम से विभिन्न विषयों तथा समस्याओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

शिविर के चतुर्थ दिवस पर पक्षी विशेषज्ञ एवं वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर राजू वर्मा ने स्वयंसेवकों को पक्षियों के महत्व और उनके संरक्षण के विषय मे बताया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के बारे में बताया और उन्हें पक्षी पहचानने, उनके आवासों और प्रवास के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पक्षियों के संरक्षण का संकल्प लिया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी वेद प्रकाश ठाकुर डॉ सीमा जयसवाल, अंजू रानी ठाकुर, अन्नपूर्णा यादव, जीवंतिका ठाकुर, ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

## भोथीपार में चला जागरूकता अभियान



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पंचायत खपरी ब के ग्राम भोथीपार में छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन बिहान जनपद पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम भोथीपार में विकासखण्ड स्तरीय जागरूकता अभियान संपन्न हुआ। कार्यक्रम 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत सरपंच लेख राम साहू के उपस्थिति में कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता अभियान से जोड़ा गया। अधिक संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित रहे, कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की गई, कार्यक्रम मंच संचालन गोपी साहू ने किया।

# गायत्री मंदिर स्थापना दिवस पर 108 कुंडी यज्ञ और अखंड जप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 1981 में स्थापित बालोद गायत्रीपीठ का महत्व विशेष
- गुरुदेव के मार्गदर्शन में 108 कुंडी यज्ञ, संस्कार और जनजागरण का आयोजन





नगर के हृदय स्थल में 24 दिसंबर 1981 को बालोद आकर युग निर्माण संस्था अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्री राम शर्मा आचार्य ने मां गायत्री की मूर्ति की स्थापना कर इसे शक्तिपीठ का दर्जा दिया गया जो बालोद जिला का प्रमुख केंद्र बन गया है। गुरुदेव के निर्देशानुसार प्रतिदिन गायत्री यज्ञ का संचालन होता है।

पूर्व प्रमुख ट्रस्टी श्यामा साहू ने कहा कि वर्ष 1981 में मात्र 7 लोगों ने मिलकर नगर वासियों के सहयोग और घर के सोना, काफी के आभूषण को गिरवी रखकर इस गायत्री मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसका आज विशाल बन गया है, उन्होंने पूर्व ट्रस्टियों के नाम बताए उनके कठोर परिश्रम से हमने संगठन खड़ा किया जो 5 कुंडी, 24 कुंडी आदर्श विवाह, हजारों संस्कार कराए गए अब 108 कुंडी भी गुरुदेव की कृपा से ही सम्पन्न हो पाया है।

अध्यक्ष नगर हीरक मंडल आरपी यादव ने कहा कि बालोद का गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा किया वह एक सिद्ध पुरुष गायत्री के साक्षात दर्शन कर युग निर्माण आंदोलन को विश्व में प्रसारित कर अनेक शक्तिपीठ की स्थापना विदेशों में किया है इसलिए बालोद की गायत्रीपीठ का विशेष महत्व है इसे साक्षात माना जाता है उन्होंने कहा कि गुरुदेव भूत भविष्य और वर्तमान की बातों को जानने वाला ऋषि बताया। आगे कहा कि अभी 108 कुंडी की प्राण आहुति नहीं हुई है इसके लिए अधिक से अधिक घरों में देव स्थापना और उनके 3200 लिखे पुस्तक साहित्य और विचारों को पहुंचाना ही पूर्ण आहुति होगी। ब्लाक समन्वयक लोचन राम ने गांवों में हीरक मंडल बनाने के लिए प्रयास करना आवश्यक बताया जिन गांवों में परिजन नहीं है वहां आसपास के गांव से को जोड़ना है। जिला समन्वयक आठनागर ने जीवन में गुरु का होना जरूरी बताया।

गुरुदेव ने याज अनुयाज को तथा सात आंदोलन को विश्व स्तर तक पहुंचाना जरूरी बताया। प्रमुख ट्रस्टी हेमवती सिहरे ने कहा कि गुरु का कार्य छोटा बड़ा नहीं होता अच्छा कार्य होना ही बड़ा मन जाता है रामायण का उद्धरण देकर समझाया। स्थापना दिवस के 1 दिन पूर्व, 12 घंटे का अखंड जप किया गया था दूसरे दिन प्रातः 4 बजे देव स्थापना पूजा के बाद 5 कुंडी यज्ञ प्रारंभ पुजारी रोशन साहू ने संगीत माय यज्ञ कराया जिसमें 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया अंत में सभी को भोजन परसादी वितरण कराया गया। इस अवधि में ओमप्रकाश गजेन्द्र, राजेंद्र सिन्हा सभी ट्रस्टी और गायत्री परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल साव ने किया।

# शासकीय कालेज का सौंदर्यीकरण कार्य हुआ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

- 19 लाख 87 हजार रुपए स्वीकृत, कॉलेज परिवार में हर्ष का माहौल



हमने बनाया हम ही संवारेंगे के तर्ज पर भाजपा सांसद विजय बघेल का एक और सार्थक प्रयास शासकीय कालेज जामगांव आर के लिए रंग लाया जहां उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रावधानित महाविद्यालय भवन सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 19 लाख 87 हजार रुपए स्वीकृत किए है। जिससे जनभागीदारी कॉलेज परिवार में हर्ष व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि जामगांव आर में शासकीय कालेज खुलवाने और कालेज का नवीन भवन बनवाने में विजय बघेल ने अपनी संसदीय सचिव कार्यकाल में वरदानित भूमिका निभाए जिससे वर्तमान जामगांव आर एरिया के 40 गांवों में शिक्षा का स्तर स्नातक तक पहुंच गया। श्री बघेल के इस वरदानित भूमिका से छात्रओं का शिक्षा स्तर 12 वीं से ऊपर उठकर ग्रेजुएट तक पहुंच गया। सद्परिणाम स्वरूप आज हर गांव में ग्रेजुएट बहने मिलने लगी है। जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला सहित सदस्यों एवं कालेज प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल सहित कालेज परिवार ने सांसद विजय बघेल से आशीर्वाद दृष्टि बनाए रखने की आशा भरी कामना करते हुए आभार ज्ञापित करके हर्ष व्यक्त किए है।

### सांसद विजय बघेल का सराहनीय कदमः प्राचार्य

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल द्वारा सांसद विजय बघेल के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया। स्वीकृत राशि से महाविद्यालय में सौंदर्य करण एवं विद्यार्थियों के हित में विभिन्न कार्य किए जाएंगे एवीदारी प्रबंधन समिति का यह सहयोग महाविद्यालय भवन के सौंदर्य करण की दिशा में एक सराहनीय कदम है जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। जन भागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी लोकप्रिय सांसद विजय बघेल का मार्गदर्शन एवं सहयोग महाविद्यालय को निरंतर मिलता रहेगा।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### अटल जयंती के पूर्व अटल चौक की हुई सफाई

**गुरूर।** शक्ति केंद्र मोखा में अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर के पहले अटल चौक की साफ सफाई किया गया। जिसमें शक्ति केंद्र मोखा के सभी पदाधिकारी मातृशक्ति की उपस्थिति में साफ सफाई संपादित हुआ। जिसमें संयोजक श्याम लाल गजेंद्र, सह प्रभारी रामस्वरूप सिन्हा, बीएलओ राजेंद्र गंजीर, सरपंच अश्वनी साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, बुथ अध्यक्ष पुरुषोत्तम कलिहारी, बलराम गजेंद्र, कार्यकर्ता सहित सभी कार्यकर्ता व मातृशक्ति की उपस्थिति में आज का सफाई का कार्यक्रम संपादित हुआ।

### सीनियर महिला पुरुष खो खो स्पर्धा का हुआ समापन



**गुण्डरदेही।** ग्राम हल्दी में आयोजित प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला पुरुष खो खो खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छाया विधायक जसवंत सिन्हा गुण्डरदेही शामिल हुए। जहां उन्होने महिला वर्ग के टीम के प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार सात हजार देंने की घोषणा की साथ ही आने वाले वर्ष में भी महिला वर्ग के टीम को अपनी ओर से प्रथम पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर जसवंत सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के खेल से ग्रामीण क्षेत्रें की छुपी प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उभरकर सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र मे महिलाएं आगे है ऐसे आयोजनों से महिलाओ में खेलों के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ता है।

**शिविर**

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा की एनएसएस इकाई ने चलाया सात दिवसीय अभियान

# चिरपोटी में एनएसएस विशेष शिविर बना जनजागरूकता और सेवा का सशक्त मंच





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा, दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम–चिरपोटी, दुर्ग में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह विविध सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जागरूकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्राम समुदाय में जनजागरूकता का अलख जगाया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जैनेंद्र दीवान, कार्यक्रम समन्वयक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. रजनीश उमरे, प्राचार्य डॉ. के.एन. मिश्र, सरपंच पूजा चंद्राकर एवं ग्राम के पंचगण उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए एनएसएस के माध्यम से सामाजिक विकास में योगदान देने की प्रेरणा दी। जनजागरूकता, योग, स्वच्छता एवं श्भी (सात) दिन का आरंभ प्रातः 6 बजे एनएसएस लक्ष्य गीत और राष्ट्रगान से हुआ। प्रतिदिन प्रभात फेरी के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, नशामुक्ति, स्वास्थ्य, पल्स पोलियो,





सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। योगाभ्यास सु स्वाति डोटे एवं रामचंद्र मिशन मेडिटेशन फाउंडेशन के प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया, जिसने विद्यार्थियों में एकाग्रता और अनुशासन का विकास किया।

**बौद्धिक सत्र एवं विषय-विशेष में विभिन्न विषयों पर दी गई जानकारी:** स्वयंसेवकों ने विभिन्न परियोजना स्थलों-दुर्गा भवन, सतनाम भवन, पंचायत परिसर, यात्री प्रतीक्षालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। बौद्धिक सत्र एवं विषय-विशेष मार्गदर्शन पूरे शिविर में विविध विशेषज्ञों ने सामाजिक, कानूनी, स्वास्थ्य एवं करियर विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया- उमेश कुमार भागवतकर (व्यवहार न्यायाधीश) - विधिक साक्षरता, महिला एवं किशोर अधिनियमों की जानकारी, चंद्रहास साहू एवं महेश्वरी साहू ने -किशोर अधिकार, पॉक्सो एक्ट एवं माहवारी स्वच्छता, सीआईएसएफ अधिकारी शिशुपाल सिंह एवं मनोज कुमार वाजपेयी - राष्ट्र सेवा, सुरक्षा बलों की कार्यप्रणाली एवं अनुशासन के विषय में, सूर्यभान सिंह (कैरियर कोचिंग संस्थान) - प्रतियोगी परीक्षाएँ, पाठ्यक्रम, चयन प्रक्रिया एवं करियर मार्गदर्शन, मेघा राठी (वैदिक गुरुकुल) – गुरुकुल परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा का तुलनात्मक विवेचन को स्पष्ट किए और डॉ. रजनी रॉय ने "बेटा बचाओ, बेटा पढ़ाओ'' विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। डॉ. मानसी गुलाटी (गायनोलॉजिस्ट) - महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विशेष सत्र में एनएसएस इकाई द्वारा "बेटा बचाओ, बेटा पढ़ाओ" का शपथग्रहण भी कराया गया।

### ग्रामीण महिलाओं ने दी उत्साहपूर्वक सहभागिता

महिलाओं के लिए स्वावलंबन एवं कौशल प्रशिक्षण आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा केक, नारियल लड्डू एवं अन्य व्यंजन बनाने की विभिन्न विधियाँ सिखाई गईं। ग्राम की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ग्रामीण सहभागिता प्रतिदिन रात्रि 8 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति, सामाजिक समरसता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से जुड़े जागरूकता संबंधी संदेशों को मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से गाँव में प्रसारित किया। ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रमों की सराहना की।

### समाज सेवा में निरंतर सक्रिय रहने का दिया संदेश

समापन समारोह (22 दिसंबर) सात दिवसीय शिविर का समापन शैलदेवी महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने शिविर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम अधिकारी मती योगिता नशीने एवं राजेश साहू सहित सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी। उन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण धुरी बताते हुए समाज सेवा में निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया। इस प्रकार सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर ग्राम चिरपोटी में जनसहभागिता, सामाजिक चेतना, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण तथा राष्ट्रभावना को प्रोत्साहित करने का प्रेरणादायी मंच सिद्ध हुआ। स्वयंसेवकों की अनुशासन, श्रम, सेवा भावना एवं उत्साह ने इस शिविर को ऐतिहासिक रूप प्रदान किया।

# नेशनल खेल से लौटीं शिवानी कुशवाहा का डोंडी में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

69 वीं नेशनल शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर - 17 झारखंड के राँची में यह 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आयोजित किया था, जहाँ गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी, से शिवानी कुशवाहा छत्तीसगढ़ टीम की प्रतिनिधित्व कर नेशनल खेल कर वापस आने पर गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर, जोरदार स्वागत किया गया, ज्ञात हो कि बालिका अब तक 11 स्टेट खेलने के साथ अभी स्कूल नेशनल खेलकर आयी है। स्वागत करने के लिए माता - पिता,बहन,गर्ल्स फुटबॉल क्लब के सभी साथी खिलाड़ी नगर के खेल प्रेमी, टीनू,



शाहरुख, इकरामूदीन, मोहल्लेवासी उपस्थित रहे शिवानी के पिता सुरेन्द्र कुशवाहा जो कि सायकल स्टोर के संचालक हैं ने खुशी जाहिर करते हुए सभी का धन्यवाद किया। नेशनल खेल कर आने पर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सौरभ लूनिया , एव पदाधिकारी, सचिव त्रिनाथ नायडू , जिला खेल विभाग से जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला क्रीड़ा समन्वयक जेना, बीएसओ डोंडी मंजुला मैम, पांडा मैडम , नीलम मैम, फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष मोंहंतीन चौरका समस्त सदस्य, संरक्षक हेमंत तन्ना, नगर के खेल प्रेमी क्लब के कोच यादव, श्रवण साहू,नीलेश गौर,शेखर यादव,शाहरुख, इकरामुद्दीन, जानू, शिवा, समीर, पिंटू भुआर्य, चिंता, किरण, सोनम, टीनु राई, खिलाड़ियों के पालकों, साथी खिलाड़ियों ने कोटि कोटि बधाइयां, शुभकामनाएं प्रेषित किये हैं ।

फ्री चैकअप कैम्प
डायबिटीक फुट केयर
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.
25 से 28 दिसंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक




